भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3292
उत्तर देने की तारीख 16 दिसंबर, 2024
25 अग्रहायण, 1946 (शक)

खेलो इंडिया योजना के तहत प्रदान किया गया बजट अनुदान

3292. डॉ. प्रशांत यादवराव पडोले:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्र सरकार द्वारा खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत राज्य सरकारों को बजट अनुदान प्रदान किया जाता है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) विगत पांच वर्षों और चालू वर्ष के दौरान खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत विभिन्न राज्यों को प्रदान किए गए बजट अनुदान का महाराष्ट्र सहित राज्य / संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) से (ग) : इस मंत्रालय की स्कीमों के तहत धनराशि स्कीम-वार जारी की जाती है न कि राज्य-वार। खेलो इंडिया स्कीम के तहत पिछले पांच वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान महाराष्ट्र राज्य सहित देशभर में जारी धनराशि का विवरण निम्नानुसार है :

वर्ष	जारी की गई धनराशि (करोड़ रु.)
2019-20	575.52
2020-21	338.06
2021-22	764.29
2022-23	596.39
2023-24	872.20
2024-25	422.37 (30.11.2024 तक)

****